# RCEP को लेकर भारत करेगा पुनर्विचार

## प्रिलिम्स के लिये:

[विश्व बैंक](), [क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP)](), [वैश्विक मूल्य शृंखला (GVC)](), [राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति- 2022](), [FDI](), [मुक्त व्यापार समझौते (FTA)](), [राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स नीति-2019](), [उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना 2020](), [आसियान (ASEAN)]()

## मेन्स के लिये:

क्षेत्रीय समूह और भारत पर इसका प्रभाव, RCEP को लेकर भारत की चिंताएँ

[स्रोत: इकॉनोमिक्स टाइम्स]()

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में [विश्व बैंक]() के **नवीनतम इंडिया डेवलपमेंट अपडेट: इंडियाज़ अपरच्युनिटी इन अ चेंजिंग ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट** में, भारत को [क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP)]() में शामिल होने पर पुनर्विचार करने का सुझाव दिया गया।

- एक भारतीय थिंक टैंक ने इस विचार को यह कहते हुए **खारिज़ कर दिया** कि **यह त्रुटिपूर्ण मान्यताओं और पुराने अनुमानों पर आधारित** है।

## भारत के RCEP से हटने के बारे में विश्व बैंक का विश्लेषण क्या है?

- **आय लाभ:** विश्व बैंक के एक अध्ययन के अनुसार यदि भारत समझौते में फिर से **शामिल होता है तो उसकी आय में सालाना 60 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि होगी** और यदि वह **ऐसा नहीं करता है तो 6 बिलियन अमरीकी डॉलर की कमी आएगी।**
  - ये लाभ कच्चे माल, हल्के और उन्नत विनिर्माण एवं सेवाओं सहित **विभिन्न क्षेत्रों में** होंगे।
- **निर्यात वृद्धि:** RCEP में शामिल होने से विपणन, बैंकिंग और कंप्यूटर सहित सेवाओं के **निर्यात में संभावित 17% की वृद्धि** का अनुमान है।
- **आर्थिक लाभ से इनकार:** भारत के बिना RCEP (भारत के बिना) से वैश्विक **सकल घरेलू उत्पाद में 186 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि** होगी और सदस्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में **स्थायी आधार पर सालाना 0.2% की वृद्धि** होगी।
  - मुख्य लाभार्थी **चीन (85 बिलियन अमरीकी डॉलर),** जापान (48 बिलियन अमरीकी डॉलर) और दक्षिण कोरिया (23 बिलियन अमरीकी डॉलर) होंगे।
  - भारत RCEP से होने वाले आर्थिक लाभ का एक बड़ा हिस्सा खो देगा।
- **व्यापार विपथन/स्थानांतरण जोखिम:** RCEP से बाहर रहने से **भारत को व्यापार स्थानांतरण का सामना** करना पड़ सकता है, क्योंकि **व्यापार ब्लॉक के सदस्य आपूर्ति शृंखलाओं को स्थानांतरित कर सकते हैं** और **आपस में प्रतिस्पर्द्धा** बढ़ा सकते हैं, जिससे संभावित रूप से RCEP राष्ट्रों में **भारत द्वारा निर्यात को नुकसान** पहुँच सकता है।
- **संभावित नए सदस्य: बांग्लादेश और श्रीलंका** जैसे दक्षिण एशियाई देशों ने हाल ही में RCEP में शामिल होने में रुचि दिखाई है।
  - वास्तव में भारत RCEP के प्रभावों से पूरी तरह मुक्त नहीं सकता, क्योंकि **श्रीलंका जैसे देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते (FTA) है।**

## भारत की निर्यात रणनीति और व्यापार नीति के संदर्भ में विश्व बैंक का मूल्यांकन क्या है?

- **निर्यात विविधीकरण की आवश्यकता:** समय के साथ **सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में भारत का वस्तु व्यापार कम हुआ है** तथा [वैश्विक मूल्य शृंखलाओं (GVC)]() में इसकी भागीदारी भी कम हुई है।
  - [वस्त्र](), **परिधान,** [चमड़ा]() **और जूते** जैसे अधिक श्रम-प्रधान क्षेत्रों में विस्तार करके **विविधीकरण** हासिल किया जा सकता है।
    - परिधान, चमड़ा, वस्त्र और जूते (Apparel, Leather, Textiles, and Footwear- ALTF) के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी **वर्ष 2002 के 0.9%** से बढ़कर **वर्ष 2013 में 4.5%** के शिखर पर पहुँच गई, लेकिन **वर्ष 2022 में यह हिस्सेदारी घटकर 3.5%** रह गई।




- **GVC की भागीदारी में वृद्धि: GVC** में एकीकरण करके भारत:
  - उच्चतर मूल्यवर्धित वस्तुओं के उत्पादन में भाग लेकर अपने **उत्पादन की विविधता** का विस्तार करेगा।
  - उन्नत प्रौद्योगिकियों और वैश्विक बाज़ारों तक पहुँच प्राप्त करके अपनी **प्रतिस्पर्द्धात्मकता** को बढ़ाएगा।
  - भारत में उत्पादन करने की इच्छुक बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा **FDI** प्रवाह में वृद्धि करेगा।
- **उदारीकरण और संरक्षणवाद में संतुलन:** भारत की व्यापार नीति में **उदारीकरण और संरक्षणवाद** दोनों ही उपाय शामिल हैं। उदाहरण के लिये, **राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति 2022** और **डिजिटल सुधार** जैसी पहलों का उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना तथा व्यापार सुगमता में सुधार करना है।
  - इसके विपरीत संरक्षणवादी उपायों में पुनः वृद्धि हुई है, जैसे **टैरिफ में वृद्धि और गैर-टैरिफ बाधाएँ**, जो भारत के खुले व्यापार को प्रतिबंधित करती हैं।
- **व्यापार समझौते:** हाल ही में UAE और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ हुए **मुक्त व्यापार समझौते (FTA)** **अधिमान्य व्यापार समझौतों** की ओर बदलाव का संकेत देते हैं। हालाँकि भारत संभावित लाभों के बावजूद **क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP)** जैसे बड़े व्यापार ब्लॉकों में शामिल होने से बचता रहा है।
- **भारत की टैरिफ और औद्योगिक नीतियों का पुनर्मूल्यांकन:** भारत **मोबाइल फोन का शुद्ध निर्यातक** बन गया है क्योंकि **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स नीति 2019**, **उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना 2020** जैसी नीतियों के कारण आयात में गिरावट के बीच निर्यात में वृद्धि हुई है।
  - हालाँकि **प्रमुख मध्यवर्ती सुझावों पर आयात शुल्क में हाल ही में की गई वृद्धि**, जिसने वर्ष 2018 और 2021 के बीच औसत शुल्क को 4% से 18% तक ला दिया है, इस क्षेत्र की **प्रतिस्पर्द्धात्मकता को खतरे में** डालती है।
- **भारत के लिये अवसर:** भू-राजनीतिक जोखिमों की बढ़ती धारणा ने कंपनियों को अपनी **सोर्सिंग रणनीतियों में विविधता लाने हेतु** प्रेरित किया है।
  - यह भारत जैसे देशों के लिये एक अवसर प्रस्तुत करता है, जहाँ **प्रचुर कार्यबल** और बढ़ता हुआ **विनिर्माण आधार** है।




## भारत RCEP में शामिल होने पर पुनर्विचार क्यों अनिश्चित रहा है?

- **विश्व बैंक के सुझाव में त्रुटिपूर्ण धारणाएँ: विश्व बैंक के अध्ययन में वर्ष 2030 तक 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की आय वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, लेकिन इसमें यह नहीं माना गया है कि इनमें से अधिकांश लाभ आयात में वृद्धि से आएगा, जिससे **व्यापार असंतुलन उत्पन्न** होगा।
- **RCEP सदस्यों के बीच व्यापार घाटा:** RCEP के चालू होने के बाद से चीन के साथ आसियान का व्यापार घाटा **वर्ष 2020 में 81.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 135.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गया है।
  - इसी तरह चीन के साथ **जापान** का व्यापार घाटा वर्ष 2020 में **22.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर** से बढ़कर **2023 में 41.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गया था।
  - दक्षिण कोरिया को वर्ष 2024 में पहली बार चीन के साथ व्यापार घाटे का भी सामना करना पड़ सकता है।
- **चीन-केंद्रित आपूर्ति शृंखलाओं पर अत्यधिक निर्भरता:** RCEP सदस्यों का बढ़ता व्यापार घाटा **चीन-केंद्रित आपूर्ति शृंखलाओं** पर बढ़ती निर्भरता को उजागर करता है।
  - यह निर्भरता महत्त्वपूर्ण जोखिम प्रस्तुत करती है, विशेष रूप से वैश्विक आपूर्ति शृंखला व्यवधानों के संदर्भ में, जैसा कि **कोविड-19 महामारी** के दौरान अनुभव किया गया।
- **अनुचित प्रतिस्पर्द्धा:** RCEP में शामिल न होकर भारत ने अन्य व्यापार समझौतों की संभावनाओं को तलाशना जारी रखा, जो चीन के पक्ष में अनुचित रूप से न हों या उसके आर्थिक हितों के लिये खतरा न हों।
  - चीन के साथ भारत का **व्यापार घाटा वर्ष 2023-24 में बढ़कर 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर** होगा।
- **वैकल्पिक व्यापार समझौते:** भारत के पास पहले से ही न्यूज़ीलैंड और चीन को छोड़कर 15 RCEP सदस्यों में से 13 के साथ कई कार्यात्मक **मुक्त व्यापार समझौते (FTA)** हैं।
- **"चाइना+1" रणनीति:** RCEP में शामिल न होने का भारत का निर्णय, चीन पर निर्भरता से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिये **चाइना+1" रणनीति** अपनाने की वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप है।

## क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) क्या है?

- RCEP 10 आसियान देशों और **उनके पाँच मुक्त व्यापार समझौते (FTA)** भागीदारों: **चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड** के बीच एक व्यापार समझौता है।
- RCEP को नवंबर 2011 में **19वें आसियान शिखर सम्मेलन** के दौरान प्रस्तुत किया गया था और नवंबर 2012 में इस पर चर्चा शुरू हुई थी।
  - RCEP 1 जनवरी, 2022 को लागू हुआ।
- संयुक्त GDP **(26 ट्रिलियन डॉलर), जनसंख्या (2.27 बिलियन) और हस्ताक्षरकर्ता पक्षों के कुल निर्यात मूल्य (5.2 ट्रिलियन डॉलर)** के अनुसार यह विश्व का सबसे बड़ा FTA है।




## आगे की राह

- **द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (FTA):** यूनाइटेड किंगडम और **यूरोपीय संघ** जैसे नए साझेदारों के साथ व्यापक FTA के लिये बातचीत जल्द से जल्द पूरी की जानी चाहिए।
- **खाड़ी देशों और अफ्रीका के साथ व्यापार समझौते: भारत को** ऊर्जा, बुनियादी ढाँचे और डिजिटल सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए**खाड़ी सहयोग परिषद** (GCC) देशों तथा अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार समझौतों पर सक्रिय रूप से बातचीत एवं विस्तार करना चाहिए।
- **वर्तमान क्षेत्रीय समूहों को सुदृढ करना: भारत को सार्क** के भीतर क्षेत्रीय व्यापार एकीकरण की वार्ता जारी रखनी चाहिये और**बिम्सटेक को** सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो दक्षिण तथा दक्षिण पूर्व एशिया को जोड़ता है।
- **भारत-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा (IPEF): भारत को चार प्रमुख क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के लिये आईपीईएफ** में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी "एक्ट ईस्ट नीति" को पूरक बनाना चाहिये: व्यापार, आपूर्ति शृंखला लचीलापन, स्वच्छ ऊर्जा और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था।
- **आत्मनिर्भर भारत:** सरकार को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर घरेलू विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ाना चाहिए। **मेक इन इंडिया 2.0** तथा **उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (PLI)** जैसी योजनाओं को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

प्रश्न. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) से बाहर निकलने के भारत के फैसले का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**प्रिलिम्स**

**निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये: (2018)**

1- ऑस्ट्रेलिया
2- कनाडा

3- चीन
4- भारत
5- जापान
6- यू.एस.ए.

**उपर्युक्त में से कौन-से देश "आसियान के मुक्त व्यापार साझेदारों" में से हैं?**

(a) 1, 2, 4 और 5
(b) 3, 4, 5 और 6
**(c) 1, 3, 4 और 5**
(d) 2, 3, 4 और 6

**उत्तर: (C)**

---

**प्रश्न. 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी' शब्द अक्सर समाचारों में देशों के एक समूह के मामलों के संदर्भ में प्रकट होता है: (वर्ष 2016)**

(A) जी20
(B) आसियान
(C) एससीओ
(D) सार्क

**उत्तर: (B)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-hesitancy-in-joining-rcep